हनुमान बाहुक

इन पाठों के बारे में

स्रोत — हर पाठ अपने स्रोत, परम्परा और संस्करण के साथ छपा है। अन्य परम्पराओं और संस्करणों में शब्दों में थोड़ा अन्तर हो सकता है।

लिप्यन्तरण — रोमन पंक्ति देवनागरी से बना IAST लिप्यन्तरण है (ā = दीर्घ आ, ṃ = अनुस्वार, ḥ = विसर्ग, ś/ṣ = श/ष, c = च)। हिन्दी, अवधी और ब्रज पाठों में शब्द के अन्त का मौन 'अ' नहीं लिखा जाता। लिप्यन्तरण में वैदिक स्वर नहीं दिखते।

हनुमान बाहुक

प्रकार	स्तोत्र
देवता	श्री हनुमान
संस्करण	मिलान किया गया पाठ
परम्परा	वैष्णव
स्रोत	हनुमान बाहुक — गोस्वामी तुलसीदास — Gita Press, Gorakhpur, Hanuman Bahuk (code 112) with Malaviya's tika, pages 3–63; archive.org 0112_20221022 leaves 2–63
आभार	पाठ गीताप्रेस हनुमानबाहुक (कोड 112; टीका संवत् 1990), पृष्ठ 3–63 के archive.org स्कैन से; गीताप्रेस की दूसरी प्रति और 1967 के पीयूष-वर्षिणी संस्करण (डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ़ इंडिया) से मिलान। सार और अर्थ: उद्योग ज्योतिष सम्पादकीय टीम।
कॉपीराइट	Text by Goswami Tulsidas (17th century), public domain. Only the traditional verse text is taken from the Gita Press edi

सिंधु-तरन, सिय-सोच-हरन, रबि-बालबरन-तनु ।

siṃdhu-taran, siya-soc-haran, rabi-bālabaran-tanu |

भुज बिसाल, मूरति कराल कालहुको काल जनु ॥

bhuj bisāl, mūrati karāl kālahuko kāl janu ||

गहन-दहन-निरदहन-लंक निःसंक, बंक-भुव ।

gahan-dahan-niradahan-laṃk niḥsaṃk, baṃk-bhuv |

जातुधान-बलवान-मान-मद-दवन पवनसुव ॥

jātudhān-balavān-mān-mad-davan pavanasuv ||

कह तुलसिदास सेवत सुलभ, सेवक हित संतत निकट ।

kah tulasidās sevat sulabh, sevak hit saṃtat nikaṭ |

गुनगनत, नमत, सुमिरत, जपत, समन सकल-संकट-बिकट ॥१॥

gunaganat, namat, sumirat, japat, saman sakal-saṃkaṭ-bikaṭ ||1||

स्वर्न-सैल-संकास कोटि-रबि-तरुन-तेज-घन ।

svarna-sail-saṃkās koṭi-rabi-tarun-tej-ghan |

उर बिसाल, भुजदंड चंड नख बज्र बज्रतन ॥

ur bisāl, bhujadaṃḍ caṃḍ nakh bajra bajratan ||

पिंग नयन, भृकुटी कराल रसना दसनानन ।

piṃg nayan, bhṛkuṭī karāl rasanā dasanānan |

कपिस केस, करकस लंगूर, खल-दल बल भानन ॥

kapis kes, karakas laṃgūr, khal-dal bal bhānan ||

कह तुलसिदास बस जासु उर मारुतसुत मूरति बिकट ।

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

kah tulasidās bas jāsu ur mārutasut mūrati bikaṭ |

संताप पाप तेहि पुरुष पहिं सपनेहुँ नहिं आवत निकट ॥२॥

saṃtāp pāp tehi puruṣ pahiṃ sapanehum nahiṃ āvat nikaṭ ||2||

पंचमुख-छमुख-भृगुमुख्य भट-असुर-सुर

paṃcamukh-chamukh-bhṛgumukhya bhaṭ-asur-sur

सर्व-सरि-समर समरत्थ सूरो ।

sarva-sari-samar samarattha sūro |

बाँकुरो बीर बिरुदैत बिरुदावली

bām kuro bīr birudait birudāvalī

बेद बंदी बदत पैजपूरो ॥

bed baṃdī badat paijapūro ||

जासु गुनगाथ रघुनाथ कह, जासु बल

jāsu gunagāth raghunāth kah, jāsu bal

बिपुल-जल-भरित जग-जलधि झूरो ।

bipul-jal-bharit jag-jaladhi jhūro |

दुवन-दल-दमनको कौन तुलसीस है

duvan-dal-damanako kaun tulasīs hai

पवनको पूत रजपूत रूरो ॥३॥

pavanako pūt rajapūt rūro ||3||

भानुसों पढ़न हनुमान गये भानु मन

bhānusoṃ paṛhan hanumān gaye bhānu man

अनुमानि सिसुकेलि कियो फेरफार सो ।

anumāni sisukeli kiyo pheraphār so |

पाछिले पगनि गम गगन मगन-मन

pāchile pagani gam gagan magan-man

क्रमको न भ्रम, कपि बालक-बिहार सो ॥

kramako na bhram, kapi bālak-bihār so ||

कौतुक बिलोकि लोकपाल हरि हर बिधि

kautuk biloki lokapāl hari har bidhi

लोचननि चकाचौंधी चित्तनि खभार सो ।

locanani cakācauṃdhī cittani khabhār so |

बल कैधौं बीररस, धीरज कै, साहस कै

bal kaidhauṃ bīraras, dhīraj kai, sāhas kai

तुलसी सरीर धरे सबनिको सार सो ॥४॥

tulasī sarīr dhare sabaniko sār so ||4||

भारतमें पारथके रथकेतु कपिराज

bhāratameṃ pārathake rathaketu kapirāj

गाज्यो सुनि कुरुराज दल हलबल भो ।

gājyo suni kururāj dal halabal bho |

कह्यो द्रोन भीषम समीरसुत महाबीर

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

kahyo dron bhīṣam samīrasut mahābīr

बीर-रस-बारि-निधि जाको बल जल भो ॥

bīr-ras-bāri-nidhi jāko bal jal bho ||

बानर सुभाय बालकेलि भूमि भानु लागि

bānar subhāy bālakeli bhūmi bhānu lāgi

फलँग फलाँगहूँतें घाटि नभतल भो ।

phalam□g phalām□gahūm□teṃ ghāṭi nabhatal bho |

नाइ-नाइ माथ जोरि-जोरि हाथ जोधा जोहैं

nāi-nāi māth jori-jori hāth jodhā johaiṃ

हनुमान देखे जगजीवनको फल भो ॥५॥

hanumān dekhe jagajīvanako phal bho ||5||

गोपद पयोधि करि होलिका ज्यों लाई लंक

gopad payodhi kari holikā jyoṃ lāī laṃk

निपट निसंक परपुर गलबल भो ।

nipaṭ nisaṃk parapur galabal bho |

द्रोन-सो पहार लियो ख्याल ही उखारि कर

dron-so pahār liyo khyāl hī ukhāri kar

कंदुक-ज्यों कपिखेल बेल कैसो फल भो ॥

kaṃduk-jyoṃ kapikhel bel kaiso phal bho ||

संकटसमाज असमंजस भो रामराज

saṃkaṭasamāj asamaṃjas bho rāmarāj

काज जुग-पूगनिको करतल पल भो ।

kāj jug-pūganiko karatal pal bho |

साहसी समत्थ तुलसीको नाह जाकी बाँह

sāhasī samattha tulasīko nāh jākī bām□h

लोकपाल पालनको फिर थिर थल भो ॥६॥

lokapāl pālanako phir thir thal bho ||6||

कमठकी पीठि जाके गोड़निकी गाड़ैं मानो

kamaṭhakī pīṭhi jāke goṛanikī gāṛaiṃ māno

नापके भाजन भरि जलनिधि-जल भो ।

nāpake bhājan bhari jalanidhi-jal bho |

जातुधान-दावन परावनको दुर्ग भयो

jātudhān-dāvan parāvanako durga bhayo

महामीनबास तिमि तोमनिको थल भो ॥

mahāmīnabās timi tomaniko thal bho ||

कुंभकर्न-रावन-पयोदनाद-ईधनको

kuṃbhakarna-rāvan-payodanād-īdhanako

तुलसी प्रताप जाको प्रबल अनल भो ।

tulasī pratāp jāko prabal anal bho |

भीषम कहत मेरे अनुमान हनुमान

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

bhīṣam kahat mere anumān hanumān

सारिखो त्रिकाल न त्रिलोक महाबल भो ॥७॥

sārikho trikāl na trilok mahābal bho ||7||

दूत रामरायको, सपूत पूत पौनको, तू

dūt rāmarāyako, sapūt pūt paunako, tū

अंजनीको नंदन प्रताप भूरि भानु सो ।

aṃjanīko naṃdan pratāp bhūri bhānu so |

सीय-सोच-समन, दुरित-दोष-दमन

sīya-soc-saman, durit-doṣ-daman

सरन आये अवन, लखनप्रिय प्रान सो ॥

saran āye avan, lakhanapriya prān so ||

दसमुख दुसह दरिद्र दरिबेको भयो

dasamukh dusah daridra daribeko bhayo

प्रकट तिलोक ओक तुलसी निधान सो ।

prakaṭ tilok ok tulasī nidhān so |

ज्ञान-गुनवान बलवान सेवा सावधान

jñān-gunavān balavān sevā sāvadhān

साहेब सुजान उर आनु हनुमान सो ॥८॥

sāheb sujān ur ānu hanumān so ||8||

दवन-दुवन-दल भुवन-बिदित बल

davan-duvan-dal bhuvan-bidit bal

बेद जस गावत बिबुध बंदीछोर को ।

bed jas gāvat bibudh baṃdīchor ko |

पाप-ताप-तिमिर तुहिन-विघटन-पटु

pāp-tāp-timir tuhin-vighaṭan-paṭu

सेवक-सरोरह सुखद भानु भोरको ॥

sevak-sarorah sukhad bhānu bhorako ||

लोक-परलोकतें बिसोक सपने न सोक

lok-paralokateṃ bisok sapane na sok

तुलसीके हिये है भरोसो एक ओरको ।

tulasīke hiye hai bharoso ek orako |

रामको दुलारो दास बामदेवको निवास

rāmako dulāro dās bāmadevako nivās

नाम कलि-कामतरु केसरी-किसोरको ॥९॥

nām kali-kāmataru kesarī-kisorako ||9||

महाबल-सीम, महाभीम, महाबानइत

mahābal-sīm, mahābhīm, mahābānait

महाबीर बिदित बरायो रघुबीरको ।

mahābīr bidit barāyo raghubīrako |

कुलिस-कठोरतनु जोरपै रोर रन

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

kulis-kaṭhoratanu jorapai ror ran

करुना-कलित मन धारमिक धीरको ॥

karunā-kalit man dhāramik dhīrako ||

दुर्जनको कालसो कराल पाल सज्जनको

durjanako kālaso karāl pāl sajjanako

सुमिरे हरनहार तुलसीकी पीरको ।

sumire haranahār tulasīkī pīrako |

सीय-सुखदायक दुलारो रघुनायकको

sīya-sukhadāyak dulāro raghunāyakako

सेवक सहायक है साहसी समीरको ॥१०॥

sevak sahāyak hai sāhasī samīrako ||10||

रचिबेको बिधि जैसे, पालिबेको हरि, हर

racibeko bidhi jaise, pālibeko hari, har

मीच मारिबेको, ज्याइबेको सुधापान भो ।

mīc māribeko, jyāibeko sudhāpān bho |

धरिबेको धरनि, तरनि तम दलिबेको

dharibeko dharani, tarani tam dalibeko

सोखिबे कृसानु, पोषिबेको हिम-भानु भो ॥

sokhibe kṛsānu, poṣibeko him-bhānu bho ||

खल-दुख-दोषिबेको, जन-परितोषिबेको

khal-dukh-doṣibeko, jan-paritoṣibeko

माँगिबो मलीनताको मोदक सुदान भो ।

mām□gibo malīnatāko modak sudān bho |

आरतकी आरति निवारिबेको तिहुँ पुर

āratakī ārati nivāribeko tihum□ pur

तुलसीको साहेब हठीलो हनुमान भो ॥११॥

tulasīko sāheb haṭhīlo hanumān bho ||11||

सेवक स्योकाई जानि जानकीस मानै कानि

sevak syokāī jāni jānakīs mānai kāni

सानुकूल सूलपानि नवै नाथ नाँकको ।

sānukūl sūlapāni navai nāth nām□kako |

देवी देव दानव दयावने ह्वै जोरैं हाथ

devī dev dānav dayāvane hvai joraiṃ hāth

बापुरे बराक कहा और राजा राँकको ॥

bāpure barāk kahā aur rājā rām□kako ||

जागत सोवत बैठे बागत बिनोद मोद

jāgat sovat baiṭhe bāgat binod mod

ताकै जो अनर्थ सो समर्थ एक आँकको ।

tākai jo anartha so samartha ek ām□kako |

सब दिन रूरो परै पूरो जहाँ तहाँ ताहि

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

sab din rūro parai pūro jahām tahām tāhi

जाके है भरोसो हिये हनुमान हाँकको ॥१२॥

jāke hai bharoso hiye hanumān hāmkako ||12||

सानुग सगौरि सानुकूल सूलपानि ताहि

sānug sagauri sānukūl sūlapāni tāhi

लोकपाल सकल लखन राम जानकी ।

lokapāl sakal lakhan rām jānakī |

लोक परलोकको बिसोक सो तिलोक ताहि

lok paralokako bisok so tilok tāhi

तुलसी तमाइ कहा काहू बीर आनकी ॥

tulasī tamāi kahā kāhū bīr ānakī ||

केसरीकिसोर बंदीछोरके नेवाजे सब

kesarīkisor baṃdīchorake nevāje sab

कीरति बिमल कपि करुनानिधानकी ।

kīrati bimal kapi karunānidhānakī |

बालक-ज्यों पालिहें कृपालु मुनि सिद्ध ताको

bālak-jyoṃ pāliheṃ kṛpālu muni siddha tāko

जाके हिये हुलसति हाँक हनुमानकी ॥१३॥

jāke hiye hulasati hāmk hanumānakī ||13||

करुना निधान, बलबुद्धिके निधान, मोद

karunā nidhān, balabuddhike nidhān, mod

महिमानिधान, गुन-ज्ञाके निधान हौ ।

mahimānidhān, gun-jñāke nidhān hau |

बामदेव-रूप, भूप रामके सनेही, नाम

bāmadev-rūp, bhūp rāmake sanehī, nām

लेत-देत अर्थ धर्म काम निरबान हौ ॥

let-det artha dharma kām nirabān hau ||

आपने प्रभाव, सीतानाथके सुभाव सील

āpane prabhāv, sītānāthake subhāv sīl

लोक-बेद-बिधिके बिदुष हनुमान हो

lok-bed-bidhike biduṣ hanumān ho

मनकी, बचनकी, करमकी तिहूँ प्रकार

manakī, bacanakī, karamakī tihūm prakār

तुलसी तिहारो तुम साहेब सुजान हो ॥१४॥

tulasī tihāro tum sāheb sujān ho ||14||

मनको अगम, तन सुगम किये कपीस

manako agam, tan sugam kiye kapīs

काज महाराजके समाज साज साजे हैं ।

kāj mahārājake samāj sāj sāje haiṃ |

देव-बंदीछोर रनरोर केसरीकिसोर

dev-baṃdīchor ranaror kesarīkisor

जुग-जुग जग तेरे बिरद बिराजे हैं ॥

jug-jug jag tere birad birāje haiṃ ||

बीर बरजोर, घटि जोर तुलसीकी ओर

bīr barajor, ghaṭi jor tulasīkī or

सुनि सकुचाने साधु, खलगन गाजे हैं ।

suni sakucāne sādhu, khalagan gāje haiṃ |

बिगरी सँवार अंजनीकुमार कीजे मोहिं

bigarī sam□vār aṃjanīkumār kīje mohiṃ

जैसे होत आये हनुमानके निवाजे हैं ॥१५॥

jaise hot āye hanumānake nivāje haiṃ ||15||

जानसिरोमनि हौ हनुमान सदा जनके मन बास तिहारो ।

jānasiromani hau hanumān sadā janake man bās tihāro |

ढारो बिगारो मैं काको कहा केहि कारन खीझत हौं तो तिहारो ॥

ḍhāro bigāro maiṃ kāko kahā kehi kāran khījhat hauṃ to tihāro ||

साहेब सेवक नाते ते हातो कियो सो तहाँ तुलसीको न चारो ।

sāheb sevak nāte te hāto kiyo so tahām□ tulasīko na cāro |

दोष सुनाये तें आगेहुँको होशियार ह्वै हों मन तौ हिय हारो ॥१६॥

doṣ sunāye teṃ āgehum□ko hośiyār hvai hoṃ man tau hiya hāro ||16||

तेरे थपे उथपै न महेस, थपै थिरको कपि जे घर घाले ।

tere thape uthapai na mahes, thapai thirako kapi je ghar ghāle |

तेरे निवाजे गरीबनिवाज बिराजत बैरिनके उर साले ॥

tere nivāje garībanivāj birājat bairinake ur sāle ||

संकट सोच सबै तुलसी लिये नाम फटै मकरीके-से जाले ।

saṃkaṭ soc sabai tulasī liye nām phaṭai makarīke-se jāle |

बूढ़ भये, बलि, मेरिहि बार, कि हारि परे बहुतै नत पाले ॥१७॥

būṛh bhaye, bali, merihi bār, ki hāri pare bahutai nat pāle ||17||

सिंधु तरे, बड़े बीर दले खल, जारे हैं लंकसे बंक मवा से ।

siṃdhu tare, baṛe bīr dale khal, jāre haiṃ laṃkase baṃk mavā se |

तें रन-केहरि केहरिके बिदले अरि-कुंजर छैल छवा से ॥

teṃ ran-kehari keharike bidale ari-kuṃjar chail chavā se ||

तोसों समत्थ सुसाहेब सेइ सहै तुलसी दुख दोष दवासे ।

tosoṃ samattha susāheb sei sahai tulasī dukh doṣ davāse |

बानर बाज बढ़े खल-खेचर, लीजत क्यों न लपेटि लवा-से ॥१८॥

bānar bāj baṛhe khal-khecar, līјat kyoṃ na lapeṭi lavā-se ||18||

अच्छ -बिमर्दन कानन-भानि दसानन आनन भा न निहारो ।

accha -bimardan kānan-bhāni dasānan ānan bhā na nihāro |

बारिदनाद अकंपन कुंभकरन्न-से कुंजर केहरि-बारो ॥

bāridanād akaṃpan kuṃbhakaranna-se kuṃjar kehari-bāro ||

राम-प्रताप-हुतासन, कच्छ, बिपच्छ, समीर समीरदुलारो ।

rām-pratāp-hutāsan, kaccha, bipaccha, samīr samīradulāro |

पापतें, सापतें, ताप तिहूँतें सदा तुलसी कहुँ सो रखवारो ॥१९॥

pāpateṃ, sāpateṃ, tāp tihūṁteṃ sadā tulasī kahuṁ so rakhavāro ||19||

जानत जहान हनुमानको निवाज्यौ जन

jānat jahān hanumānako nivājyau jan

मन अनुमानि, बलि, बोल न बिसारिये ।

man anumāni, bali, bol na bisāriye |

सेवा-जोग तुलसी कबहुँ कहा चूक परी

sevā-jog tulasī kabahuṁ kahā cūk parī

साहेब सुभाव कपि साहिबी सँभारिये ॥

sāheb subhāv kapi sāhibī saṁbhāriye ||

अपराधी जानि कीजै सासति सहस भाँति

aparādhī jāni kījai sāsati sahas bhāṁti

मोदक मरै जो, ताहि माहुर न मारिये ।

modak marai jo, tāhi māhur na māriye |

साहसी समीरके दुलारे रघुबीरजूके

sāhasī samīrake dulāre raghubīrajūke

बाह पीर महाबीर बेगि ही निवारिये ॥२०॥

bāh pīr mahābīr begi hī nivāriye ||20||

बालक बिलोकि, बलि, बारेतें आपनो कियो

bālak biloki, bali, bāreteṃ āpano kiyo

दीनबंधु दया कीन्हीं निरुपाधि न्यारिये ।

dīnabaṃdhu dayā kīnhīṃ nirupādhi nyāriye |

रावरो भरोसो तुलसीके, रावरोई बल

rāvaro bharoso tulasīke, rāvaroī bal

आस रावरीयै, दास रावरो बिचारिये ॥

ās rāvarīyai, dās rāvaro bicāriye ||

बड़ो बिकराल कलि, काको न बिहाल कियो

baṛo bikarāl kali, kāko na bihāl kiyo

माथे पगु बलीको, निहारि सो निवारिये ।

māthe pagu balīko, nihāri so nivāriye |

केसरीकिसोर, रनरोर, बरजोर बीर

kesarīkisor, ranaror, barajor bīr

बाँहुपीर राहुमातु ज्यौं पछारि मारिये ॥२१॥

bāṁhupīr rāhumātu jyauṃ pachāri māriye ||21||

उथपे थपनथिर थपे उथपनहार

uthape thapanathir thape uthapanahār

केसरीकुमार बल आपनो सँभारिये ।

kesarīkumār bal āpano saṁbhāriye |

रामके गुलामनिको कामतरु रामदूत

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

rāmake gulāmaniko kāmataru rāmadūt

मोसे दीन दूबरेको तकिया तिहारिये ॥

mose dīn dūbareko takiyā tihāriye ||

साहेब समर्थ तोसों तुलसीके माथे पर

sāheb samartha tosoṃ tulasīke māthe par

सोऊ अपराध बिनु बीर, बाँधि मारिये ।

soū aparādh binu bīr, bām□dhi māriye |

पोखरी बिसाल बाँहु, बलि बारिचर पीर

pokharī bisāl bām□hu, bali bāricar pīr

मकरी ज्यौं पकरिकै बदन बिदारिये ॥२२॥

makarī jyauṃ pakarikai badan bidāriye ||22||

रामको सनेह, राम साहस लखन सिय

rāmako saneh, rām sāhas lakhan siya

रामकी भगति, सोच संकट निवारिये ।

rāmakī bhagati, soc saṃkaṭ nivāriye |

मुद-मरकट रोग-बारिनिधि हेरि हारे

mud-marakaṭ rog-bārinidhi heri hāre

जीव-जामवंतको भरोसो तेरो भारिये ॥

jīv-jāmavaṃtako bharoso tero bhāriye ||

कूदिये कृपाल तुलसी सुप्रेम-पब्बयते

kūdiye kṛpāl tulasī suprem-pabbayate

सुथल सुबेल भालु बैठिके बिचारिये ।

suthal subel bhālu baiṭhike bicāriye |

महाबीर बाँकुरे बराकी बाँहपीर क्यों न

mahābīr bām□kure barākī bām□hapīr kyoṃ na

लंकिनी ज्यों लातघात ही मरोरि मारिये ॥२३॥

laṃkinī jyoṃ lātaghāt hī marori māriye ||23||

लोक-परलोकहूं तिलोक न बिलोकियत

lok-paralokahūṃ tilok na bilokiyat

तोसे समरथ चष चारिहु निहारिये ।

tose samarath caṣ cārihu nihāriye |

कर्म, काल, लोकपाल, अग-जग जीवजाल

karma, kāl, lokapāl, ag-jag jīvajāl

नाथ हाथ सब निज महिमा बिचारिये ॥

nāth hāth sab nij mahimā bicāriye ||

खास दास रावरो, निवास तेरो तासु उर

khās dās rāvaro, nivās tero tāsu ur

तुलसी सो देव दुखी देखियत भारिये ।

tulasī so dev dukhī dekhiyat bhāriye |

बात तरुमूल बाँहुसूल कपिकच्छु-बेलि

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

bāt tarumūl bām□husūl kapikacchu-beli

उपजी सकेलि कपिकेलि ही उखारिये ॥२४॥

upajī sakeli kapikeli hī ukhāriye ||24||

करम-कराल-कंस भूमिपालके भरोसे

karam-karāl-kaṃs bhūmipālake bharose

बकी बकभगिनी काहूतें कहा डरैगी ।

bakī bakabhaginī kāhūteṃ kahā ḍaraigī |

बड़ी बिकराल बालघातिनी न जात कहि

baṛī bikarāl bālaghātinī na jāt kahi

बाँहुबल बालक छबीले छोटे छरैगी ॥

bām□hubal bālak chabīle choṭe charaigī ||

आई है बनाइ बेष आप ही बिचारि देख

āī hai banāi beṣ āp hī bicāri dekh

पाप जाय सबको गुनीके पाले परैगी ।

pāp jāy sabako gunīke pāle paraigī |

पूतना पिसाचिनी ज्यौं कपिकान्ह तुलसीकी

pūtanā pisācinī jyauṃ kapikānha tulasīkī

बाहपीर महाबीर, तेरे मारे मरैगी ॥२५॥

bāhapīr mahābīr, tere māre maraigī ||25||

भालकी कि कालकी कि रोषकी त्रिदोषकी है

bhālakī ki kālakī ki roṣakī tridoṣakī hai

बेदन बिषम पाप-ताप छलछाँहकी ।

bedan biṣam pāp-tāp chalachām□hakī |

करमन कूटकी कि जंत्रमंत्र बूटकी

karaman kūṭakī ki jaṃtramaṃtra būṭakī

पराहि जाहि पापिनी मलीन मनमाँहकी ॥

parāhi jāhi pāpinī malīn manamām□hakī ||

पैहहि सजाय नत कहत बजाय तोहि

paihahi sajāy nat kahat bajāy tohi

बावरी न होहि बानि जानि कपिनाँहकी ।

bāvarī na hohi bāni jāni kapinām□hakī |

आन हनुमानकी दोहाई बलवानकी

ān hanumānakī dohāī balavānakī

सपथ महाबीरकी जो रहै पीर बाँहकी ॥२६॥

sapath mahābīrakī jo rahai pīr bām□hakī ||26||

सिंहिका सँहारि बल, सुरसा सुधारि छल

siṃhikā sam□hāri bal, surasā sudhāri chal

लंकिनी पछारि मारि बाटिका उजारी है ।

laṃkinī pachāri māri bāṭikā ujārī hai |

लंक परजारि मकरी बिदारि बारबार

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

laṃk parajāri makarī bidāri bārabār

जातुधान धारि धूरिधानी करि डारी है ॥

jātudhān dhāri dhūridhānī kari ḍārī hai ||

तोरि जमकातरि मदोदरि कढ़ोरि आनी

tori jamakātari madodari kaṛhori ānī

रावनकी रानी मेघनाद महतारी है ।

rāvanakī rānī meghanād mahatārī hai |

भीर बाँहपीरकी निपट राखी महाबीर

bhīr bām□hapīrakī nipaṭ rākhī mahābīr

कौनके सकोच तुलसीके सोच भारी है ॥२७॥

kaunake sakoc tulasīke soc bhārī hai ||27||

तेरो बालकेलि बीर सुनि सहमत धीर

tero bālakeli bīr suni sahamat dhīr

भूलत सरीरसुधि सक्र-रबि-राहुकी ।

bhūlat sarīrasudhi sakra-rabi-rāhukī |

तेरी बाँह बसत बिसोक लोकपाल सब

terī bām□h basat bisok lokapāl sab

तेरो नाम लेत रहै आरति न काहुकी ॥

tero nām let rahai ārati na kāhukī ||

साम दान भेद बिधि बेदहू लबेद सिधि

sām dān bhed bidhi bedahū labed sidhi

हाथ कपिनाथहीके चोटी चोर साहुकी ।

hāth kapināthahīke coṭī cor sāhukī |

आलस अनख परिहासकै सिखावन है

ālas anakh parihāsakai sikhāvan hai

एते दिन रही पीर तुलसीके बाहुकी ॥२८॥

ete din rahī pīr tulasīke bāhukī ||28||

टूकनिको घर-घर डोलत कँगाल बोलि

ṭūkaniko ghar-ghar ḍolat kam□gāl boli

बाल ज्यों कृपाल नतपाल पालि पोसो है ।

bāl jyoṃ kṛpāl natapāl pāli poso hai |

कीन्ही है सँभार सार अंजनीकुमार बीर

kīnhī hai sam□bhār sār aṃjanīkumār bīr

आपनो बिसारिहैं न मेरेहू भरोसो है ॥

āpano bisārihaiṃ na merehū bharoso hai ||

इतनो परेखो सब भाँति समरथ आजु

itano parekho sab bhām□ti samarath āju

कपिराज साँची कहौं को तिलोक तोसो है ।

kapirāj sām□cī kahauṃ ko tilok toso hai |

सासति सहत दास कीजे पेखि परिहास

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

sāsati sahat dās kīje pekhi parihās

चीरीको मरन खेल बालकनिको सो है ॥२९॥

cīrīko maran khel bālakaniko so hai ||29||

आपने ही पापतें त्रितापतें कि सापतें

āpane hī pāpateṃ tritāpateṃ ki sāpateṃ

बढ़ी है बाँहबेदन कही न सहि जाति है ।

baṛhī hai bām□habedan kahī na sahi jāti hai |

औषध अनेक जंत्र-मंत्र-टोटकादि किये

auṣadh anek jaṃtra-maṃtra-ṭoṭakādi kiye

बादि भये देवता मनाये अधिकाति है ॥

bādi bhaye devatā manāye adhikāti hai ||

करतार, भरतार, हरतार, कर्म, काल

karatār, bharatār, haratār, karma, kāl

को है जगजाल जो न मानत इताति है ।

ko hai jagajāl jo na mānat itāti hai |

चेरो तेरो तुलसी तू मेरो कह्यो रामदूत

cero tero tulasī tū mero kahyo rāmadūt

ढील तेरी बीर मोहि पीरतें पिराति है ॥३०॥

ḍhīl terī bīr mohi pīrateṃ pirāti hai ||30||

दूत रामरायको, सपूत पूत बायको

dūt rāmarāyako, sapūt pūt bāyako

समत्थ हाथ पायको सहाय असहायको ।

samattha hāth pāyako sahāy asahāyako |

बाँकी बिरदावली बिदित बेद गाइयत

bām□kī biradāvalī bidit bed gāiyat

रावन सो भट भयो मुठिकाके घायको ॥

rāvan so bhaṭ bhayo muṭhikāke ghāyako ||

एते बड़े साहेब समर्थको निवाजो आज

ete baṛe sāheb samarthako nivājo āj

सीदत सुसेवक बचन मन कायको ।

sīdat susevak bacan man kāyako |

थोरी बाँहपीरकी बड़ी गलानि तुलसीको

thorī bām□hapīrakī baṛī galāni tulasīko

कौन पाप कोप, लोप प्रगट प्रभायको ॥३१॥

kaun pāp kop, lop pragaṭ prabhāyako ||31||

देवी देव दनुज मनुज मुनि सिद्ध नाग

devī dev danuj manuj muni siddha nāg

छोटे बड़े जीव जेते चेतन अचेत हैं ।

choṭe baṛe jīv jete cetan acet haiṃ |

पूतना पिसाची जातुधानी जातुधान बाम

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

pūtanā pisācī jātudhānī jātudhān bām

रामदूतकी रजाइ माथे मानि लेत हैं ॥

rāmadūtakī rajāi māthe māni let haiṃ ||

घोर जंत्र मंत्र कूट कपट कुरोग जोग

ghor jaṃtra maṃtra kūṭ kapaṭ kurog jog

हनूमान आन सुनि छाड़त निकेत हैं ।

hanūmān ān suni chāṛat niket haiṃ |

क्रोध कीजे कर्मको प्रबोध कीजे तुलसीको

krodh kīje karmako prabodh kīje tulasīko

सोध कीजे तिनको जो दोष दुख देत हैं ॥३२॥

sodh kīje tinako jo doṣ dukh det haiṃ ||32||

तेरे बल बानर जिताये रन रावनसों

tere bal bānar jitāye ran rāvanasoṃ

तेरे घाले जातुधान भये घर-घरके ।

tere ghāle jātudhān bhaye ghar-gharake |

तेरे बल रामराज किये सब सुरकाज

tere bal rāmarāj kiye sab surakāj

सकल समाज साज साजे रघुबरके ॥

sakal samāj sāj sāje raghubarake ||

तेरो गुनगान सुनि गीरबान पुलकत

tero gunagān suni gīrabān pulakat

सजल बिलोचन बिरंचि हरि हरके ।

sajal bilocan biraṃci hari harake |

तुलसीके माथेपर हाथ फेरो कीसनाथ

tulasīke māthepar hāth phero kīsanāth

देखिये न दास दुखी तोसे कनिगरके ॥३३॥

dekhiye na dās dukhī tose kanigarake ||33||

पालो तेरे टूकको परेहू चूक मूकिये न

pālo tere ṭūkako parehū cūk mūkiye na

कूर कौड़ी दूको हौं आपनी ओर हेरिये ।

kūr kauṛī dūko hauṃ āpanī or heriye |

भोरानाथ भोरेही सरोष होत थोरे दोष

bhorānāth bhorehī saroṣ hot thore doṣ

पोषि तोषि थापि आपनो न अवडेरिये ॥

poṣi toṣi thāpi āpano na avaḍeriye ||

अंबु तू हौं अंबुचर, अंब तू हौं डिंभ, सो न

aṃbu tū hauṃ aṃbucar, aṃb tū hauṃ ḍiṃbh, so na

बूझिये बिलंब अवलंब मेरे तेरिये ।

būjhiye bilaṃb avalaṃb mere teriye |

बालक बिकल जानि पाहि प्रेम पहिचानि

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

bālak bikal jāni pāhi prem pahicāni

तुलसीकी बाह पर लामीलूम फेरिये ॥३४॥

tulasīkī bāh par lāmīlūm pheriye ||34||

घेरि लियो रोगनि कुजोगनि कुलोगनि ज्यौं

gheri liyo rogani kujogani kulogani jyauṃ

बासर जलद घन घटा धुकि धाई है ।

bāsar jalad ghan ghaṭā dhuki dhāī hai |

बरसत बारि पीर जारिये जवासे जस

barasat bāri pīr jāriye javāse jas

रोष बिनु दोष, धूम-मूल मलिनाई है ॥

roṣ binu doṣ, dhūm-mūl malināī hai ||

करुनानिधान हनुमान महाबलवान

karunānidhān hanumān mahābalavān

हेरि हँसि हाँकि फूँकि फौजें तैं उड़ाई है ।

heri ham□si hām□ki phūm□ki phaujeṃ taiṃ uṛāī hai |

खाये हुतो तुलसी कुरोग राढ़ राकसनि,

khāye huto tulasī kurog rāṛh rākasani,

केसरीकिसोर राखे बीर बरिआई है ॥३५॥

kesarīkisor rākhe bīr bariāī hai ||35||

रामगुलाम तुही हनुमान

rāmagulām tuhī hanumān

गोसाँइ सुसाँइ सदा अनुकूलो ।

gosām□i susām□i sadā anukūlo |

पाल्यो हौं बाल ज्यों आखर दू

pālyo hauṃ bāl jyoṃ ākhar dū

पितु मातु सों मंगल मोद समूलो ॥

pitu mātu soṃ maṃgal mod samūlo ||

बाँहकी बेदन बाँहपगार

bām□hakī bedan bām□hapagār

पुकारत आरत आनंद भूलो ।

pukārat ārat ānaṃd bhūlo |

श्रीरघुबीर निवारिये पीर

śrīraghubīr nivāriye pīr

रहौं दरबार परो लटि लूलो ॥३६॥

rahauṃ darabār paro laṭi lūlo ||36||

कालकी करालता करम कठिनाई कीधौं

kālakī karālatā karam kaṭhināī kīdhauṃ

पापके प्रभावकी सुभाय बाय बावरे ।

pāpake prabhāvakī subhāy bāy bāvare |

बेदन कुभाँति सो सही न जाति राति दिन

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

bedan kubhām□ti so sahī na jāti rāti din

सोई बाँह गही जो गही समीरडावरे ॥

soī bām□h gahī jo gahī samīraḍāvare ||

लायो तरु तुलसी तिहारो सो निहारि बारि

lāyo taru tulasī tihāro so nihāri bāri

सींचिये मलीन भो तयो है तिहूँ तावरे ।

sīṃciye malīn bho tayo hai tihūm□ tāvare |

भूतनिकी आपनी परायेकी कृपानिधान

bhūtanikī āpanī parāyekī kṛpānidhān

जानियत सबहीकी रीति राम रावरे ॥३७॥

jāniyat sabahīkī rīti rām rāvare ||37||

पायँपीर पेटपीर बाँहपीर मुँहपीर

pāyam□pīr peṭapīr bām□hapīr mum□hapīr

जरजर सकल सरीर पीरमई है ।

jarajar sakal sarīr pīramaī hai |

देव भूत पितर करम खल काल ग्रह

dev bhūt pitar karam khal kāl grah

मोहिपर दवरि दमानक सी दई है ॥

mohipar davari damānak sī daī hai ||

हौं तो बिन मोलके बिकानो बलि बारेही तें

hauṃ to bin molake bikāno bali bārehī teṃ

ओट रामनामकी ललाट लिखि लई है ।

oṭ rāmanāmakī lalāṭ likhi laī hai |

कुंभजके किंकर बिकल बूड़े गोखुरनि

kuṃbhajake kiṃkar bikal būṛe gokhurani

हाय रामराय ऐसी हाल कहूँ भई है ॥३८॥

hāy rāmarāy aisī hāl kahūm□ bhaī hai ||38||

बाहुक-सुबाहु नीच लीचर-मरीच मिलि

bāhuk-subāhu nīc līcar-marīc mili

मुँहपीर-केतुजा कुरोग जातुधान हैं ।

mum□hapīr-ketujā kurog jātudhān haiṃ |

राम नाम जगजाप कियो चहों सानुराग

rām nām jagajāp kiyo cahoṃ sānurāg

काल कैसे दूत भूत कहा मेरे मान हैं ॥

kāl kaise dūt bhūt kahā mere mān haiṃ ||

सुमिरे सहाय रामलखन आखर दोऊ

sumire sahāy rāmalakhan ākhar doū

जिनके समूह साके जागत जहान हैं ।

jinake samūh sāke jāgat jahān haiṃ |

तुलसी सँभारि ताड़का-सँहारि भारी भट

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

tulasī sam□bhāri tāṛakā-sam□hāri bhārī bhaṭ

बेधे बरगदसे बनाइ बानवान हैं ॥३९॥

bedhe baragadase banāi bānavān haiṃ ||39||

बालपने सूधे मन राम सनमुख भयो

bālapane sūdhe man rām sanamukh bhayo

रामनाम लेत माँगि खात टूकटाक हौं ।

rāmanām let mām□gi khāt ṭūkaṭāk hauṃ |

पर्यो लोकरीतिमें पुनीत प्रीति रामराय

paryo lokarītimeṃ punīt prīti rāmarāy

मोहबस बैठो तोरि तरकितराक हौं ॥

mohabas baiṭho tori tarakitarāk hauṃ ||

खोटे-खोटे आचरन आचरत अपनायो

khoṭe-khoṭe ācaran ācarat apanāyo

अंजनीकुमार सोध्यो रामपानि पाक हौं ।

aṃjanīkumār sodhyo rāmapāni pāk hauṃ |

तुलसी गोसाइँ भयो भोंड़े दिन भूलि गयो

tulasī gosāim□ bhayo bhoṃṛe din bhūli gayo

ताको फल पावत निदान परिपाक हौं ॥४०॥

tāko phal pāvat nidān paripāk hauṃ ||40||

असन-बसन-हीन बिषम-बिषाद-लीन

asan-basan-hīn biṣam-biṣād-līn

देखि दीन दूबरो करै न हाय-हाय को ।

dekhi dīn dūbaro karai na hāy-hāy ko |

तुलसी अनाथसो सनाथ रघुनाथ कियो

tulasī anāthaso sanāth raghunāth kiyo

दियो फल सीलसिंधु आपने सुभायको ॥

diyo phal sīlasiṃdhu āpane subhāyako ||

नीच यहि बीच पति पाइ भरुहाइगो

nīc yahi bīc pati pāi bharuhāigo

बिहाइ प्रभु-भजन बचन मन कायको ।

bihāi prabhu-bhajan bacan man kāyako |

तातें तनु पेषियत घोर बरतोर मिस

tāteṃ tanu peṣiyat ghor barator mis

फूटि-फूटि निकसत लोन रामरायको ॥४१॥

phūṭi-phūṭi nikasat lon rāmarāyako ||41||

जिओं जग जानकीजीवनको कहाइ जन

jioṃ jag jānakījīvanako kahāi jan

मरिबेको बारानसी बारि सुरसरिको ।

maribeko bārānasī bāri surasariko |

तुलसीके दुहूँ हाथ मोदक है ऐसे ठाउँ

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

tulasīke duhūṃ hāth modak hai aise ṭhāuṃ

जाके जिये मुये सोच करिहैं न लरिको ॥

jāke jiye muye soc karihem na lariko ||

मोको झूठो सांचो लोग रामको कहत सब

moko jhūṭho sāṃco log rāmako kahat sab

मेरे मन मान है न हरको न हरिको ।

mere man mān hai na harako na hariko |

भारी पीर दुसह सरीरतें बिहाल होत

bhārī pīr dusah sarīrateṃ bihāl hot

सोऊ रघुबीर बिनु सके दूर करिको ॥४२॥

soū raghubīr binu sake dūr kariko ||42||

सीतापति साहेब सहाय हनुमान नित

sītāpati sāheb sahāy hanumān nit

हित उपदेसको महेस मानो गुरुकै ।

hit upadesako mahes māno gurukai |

मानस बचन काय सरन तिहारे पाय

mānas bacan kāy saran tihāre pāy

तुम्हे भरोसे सुर मैं न जाने सुरकै ॥

tumhe bharose sur maiṃ na jāne surakai ||

व्याधि भूतजनित उपाधि काहू खलको

vyādhi bhūtajanit upādhi kāhū khalako

समाधि कीजे तुलसीको जानि जन फुरकै ।

samādhi kīje tulasīko jāni jan phurakai |

कपिनाथ रघुनाथ भोलानाथ भूतनाथ

kapināth raghunāth bholānāth bhūtanāth

रोगसिंधु क्यों न डारियत गाय खुरकै ॥४३॥

rogasiṃdhu kyoṃ na ḍāriyat gāy khurakai ||43||

कहाँ हनुमानसों सुजान रामरायसो

kahāṃ hanumānasoṃ sujān rāmarāyaso

कृपानिधान संकरसों सावधान सुनिये ।

kṛpānidhān saṃkarasoṃ sāvadhān suniye |

हरष विषाद राग रोष गुन दोषमई

haraṣ viṣād rāg roṣ gun doṣamaī

बिरची बिरंचि सब देखियत दुनिये ॥

biracī biraṃci sab dekhiyat duniye ||

माया जीव कालके करमके सुभायके

māyā jīv kālake karamake subhāyake

करैया राम बेद कहैं साँची मन गुनिये ।

karaiyā rām bed kahaiṃ sāṃcī man guniye |

तुम्हते कहा न होय हाहा सो बुझैये मोहि

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

tumhate kahā na hoy hāhā so bujhaiye mohi

हौं हूँ रहों मौन ही बयो सो जानि लुनिये ॥४४॥

hauṃ hūm rahoṃ maun hī bayo so jāni luniye ||44||

अर्थ

आरम्भिक पद हनुमान जी के रूप और पराक्रम का वर्णन करते हैं — बालपन में सूर्य की ओर छलाँग, अर्जुन के रथ की ध्वजा से गर्जना, समुद्र-लंघन और लंका-दहन, संजीवनी पर्वत, देवताओं की मुक्ति। लगभग बीसवें पद से कवि अपनी बात कहता है: बाहु की पीड़ा, फोड़ों और विफल उपचारों से त्रस्त बूढ़ा सेवक हनुमान को याद दिलाता है कि वह सदा उन्हीं का रहा है, पूछता है कि स्वामी देर क्यों कर रहे हैं, पीड़ा को पूतना, पोखर की मकरी और राक्षसी के समान बताता है, और राम, हनुमान तथा शिव से मिलकर रोग-सिन्धु को गाय के खुर के समान सुखा देने की प्रार्थना करता है। अन्तिम पद में वह सब कुछ प्रभु की इच्छा पर छोड़ देता है। यह संक्षिप्त भावार्थ है, अनुवाद नहीं।

स्रोत-सहित पारम्परिक पाठ। किसी निश्चित परिणाम का दावा नहीं।

इस दस्तावेज़ के बारे में

इस दस्तावेज़ के पाठ सार्वजनिक (पब्लिक डोमेन) पारम्परिक भक्ति पाठ हैं या हमारी टीम द्वारा लिखे गए हैं, और अपने दर्ज स्रोत व संस्करण के साथ छपे हैं।

अर्थ हमारे शब्दों में संक्षिप्त व्याख्याएँ हैं, विद्वत्तापूर्ण अनुवाद नहीं। किसी पाठ के अपने श्लोकों में बताए लाभ पाठ का अंश हैं, गारण्टी नहीं।

कुछ साधनाएँ परम्परा से गुरु-मार्गदर्शन में की जाती हैं। अपनी परम्परा के मार्गदर्शन का पालन करें।